पाकिस्तान में तेल भंडार: खोदा पहाड़ निकली चुहिया

इस परियोजना में करीब 10 करोड़ डालर (भारतीय रुपये के हिसाब से 700 करोड़ रुपये और पाकिस्तान की मुद्रा के हिसाब से करीब 1500 करोड़ रुपये) खर्च किए जा चुके हैं.

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

इस्लामाबाद: आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को अब अरब सागर से तेल ना मिलने से एक और बड़ा झटका लगा है. पाकिस्तान को कराची तट के पास अरब सागर में गैस भंडार और खनिज तेल के बड़े भंडार मिलने का अनुमान था. इस काम के लिए पाकिस्तान ने बड़े धूम धाम से खुदाई शुरू की थी, लेकिन जो भी कुएं खोदे गए उनमें कोई खनिज ईंधन हासिल नहीं हुआ. पाकिस्तानी मीडिया के हवाले से खबर है कि कंगाली के कगार पर खड़े देश ने इस काम में करोड़ों रुपया बर्बाद करने के बाद अब उसे बंद करने का फैसला कर लिया है.

प्रधानमंत्री इमरान खान ने इस साल के शुरू में कहा था कि देश को कराची तट के निकट समुद्री इलाके में तेल विशाल स्रोत होने का पता चाला है. उन्होंने कहा था, 'इन्सा अल्लाह यह स्रोत इतना बड़ा निकलेगा कि हमें आगे कोई तेल बाहर से नहीं खरीदना पड़ेगा.'' लेकिन अब अंग्रेजी अखबार 'डान' की एक रिपोर्ट में

पेट्रोलियम मामलों पर प्रधानमंत्री के विशेष सहायक नदीम बाबर के वक्तव्य का हवाला देते हुए कहा गया है कि केकड़ा-1 तेल उत्खनन क्षेत्र में खुदाई में कोई अपेक्षित सफलता हाथ नहीं लगी है.

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस क्षेत्र में तेल उत्खनन कुएं का परिचालन करने वाली कंपनी ने काम बंद करने का फैसला किया है. रिपोर्ट के अनुसार 17 बार की कोशिश के बावजूद सफलता नहीं मिली है.इस परियोजना में करीब 10 करोड़ डालर (भारतीय रुपये के हिसाब से 700 करोड़ रुपये और पाकिस्तान की मुद्रा के हिसाब से करीब 1500 करोड़ रुपये) खर्च किए जा चुके हैं.

केकड़ा-1 में खुदाई का ताजा काम करीब चार माह पहले इतालवी कंपनी ईएनआई ने शुरू किया था. इसमें अमेरिका की एक्सानमोबिल, पाकिस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड और आयल एंड गैस डवलपमेंट कंपनी लि. (ओजीडीसीएल) की भी हिस्सेदारी है.

पाकिस्तान में तेल गैस का पहला कुआं 1963 में अमेरिका की एक कंपनी ने खोदा था जो सूखा निकला. ताजा विफलता से पहले 2005 में नीदरलैंड की शेल कंपनी के प्रयास में भी कुछ नहीं निकला था.

ट्रंप ने दी ईरान को खुली चेतावनी, बोले- हमसे टकराओगे तो 'नष्ट' कर दिए जाओगे

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

वॉशिंगटन: अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि वह अमेरिकी हितों पर हमला करता है तो उसे %नष्ट% कर दिया जाएगा. ट्रम्प ने रविवार को ट्वीट करते हुए ईरान को चेतावनी दी है और कहा कि, "अगर ईरान लड़ना चाहता है, तो यह ईरान का आधिकारिक अंत होगा. अमेरिका को फिर कभी धमकी मत देना." बता दें काफी समय से अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर है.

अमेरिका ने 'ईरान से खतरों' के मद्देनजर खाड़ी में एक विमानवाहक पोत और बी-52 बम वर्षक तैनात किए हैं.इस बीच, ईरान के विदेश मंत्री मोहम्मद जवाद जरीफ ने चीन की अपनी यात्रा के अंत में सरकारी संवाद समिति आईआरएनए से शनिवार को कहा, %%हम इस बात को लेकर निश्चित हैं कि कोई युद्ध नहीं होगा क्योंकि न तो हम जंग चाहते हैं और न ही किसी को इस बात का भ्रम है कि वह क्षेत्र में ईरान का सामना कर सकता है.%% ईरान और अमेरिका के बीच संबंध पिछले साल उस समय और खराब हो गए थे, जब ट्रम्प प्रशासन 2015 के परमाणु समझौते से पीछे हट गया था और उसने ईरान पर फिर से प्रतिबंध लगा दिए थे.

गौरतलब है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने ईरान के साथ एक परमाणु समझौता किया था. जिसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2015 में खत्म कर दिया और ईरान पर सख्त पाबंदियां लगा दी थीं. जिसके चलते ईरान की अर्थव्यवस्था काफी प्रभावित हुई थी और भारत, चीन और पाकिस्तान जैसे देशों से तेल आयात में मिल रही छूट भी खत्म हो गई थी. तभी से अमेरिका और ईरान के बीच के संबंध खराब चल रहे हैं.

फुटबॉल के साथ इस बच्ची के कारनामे आपको भी कर देंगे शॉक

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली : सोशल मीडिया पर इन दिनों एक 4 साल की क्यूटी बेबी छाई हुई है. इस वीडियो में बच्ची फुटबॉल के साथ ऐसे कारनामे करते हुए नजर आ रही है, जिसको देखकर बड़े-बड़े हैरान हैं. घर हो या फिर फुटबॉल ग्राउंट दोनों ही जगह बच्ची अपने कारनामों को दिखा रही है और सोशल मीडिया पर लोग इसके कारनामों के मुरीद हो रहे हैं.

इस वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं कि कैसे एक बच्ची फुटबॉल के मस्ती कर रही है. इतना ही नहीं जब उसको मौका मिलता है वो कैसे अपनी बॉडी बिल्डिंग स्किल को भी दिखाने से पीछे नहीं हट रही है. इस वीडियो को काफी बार शेयर किया जा चुका है.

आनंद महिंद्रा ने शेयर किया वीडियो...

खास बात ये है कि इस वीडियो के मुरीद आनंद महिंद्रा भी हो गए हैं और उन्होंने खुद इस वीडियो को अपने ट्विटर पर शेयर किय है.

ब्राजील के बार में गोलीबारी से 11 लोगों की मौत, मास्क पहनकर आए थे हमलावर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

रियो डी जेनेरियो: उत्तरी ब्राजील के एक बार में बंदूकधारियों के हमले में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई. उत्तरी पारा राज्य के जनसुरक्षा विभाग ने बताया कि गोलीबारी बेलेम शहर में हुई.

गोलीबारी के कारणों का खुलासा नहीं...

गोलीबारी के पीछे का मकसद अभी पता नहीं चल पाया है. हमलावर गोलीबारी करने के बाद भाग गए, लेकिन समाचार वेबसाइट जी1 ने पुलिस के हवाले से बताया कि एक हमलावर घायल हो गया और वह पुलिस हिरासत में है.

6 महिलाओं और 5 पुरुषों की मौत

जी1 ने बताया कि गोलीबारी में छह महिलाओं और पांच पुरूषों की मौत हुई है. उसने बताया कि सात लोग एक मोटसाइकिल और तीन कारों में सवार होकर आए और उन्होंने गोलीबारी की . वे हमले के बाद घटनास्थल से भाग गए.

जी1 ने बताया कि गोलीबारी में छह महिलाओं और पांच पुरुषों की मौत हुई है. उसने बताया कि सात लोग एक मोटसाइकिल और तीन कारों में सवार होकर आए और उन्होंने गोलीबारी की . वे हमले के बाद घटनास्थल से भाग गए.